>

Title: Need to provide adequate financial assistance or relief package to farmers distressed due to loss of their crops caused by floods in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh - laid

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): कोरोना महामारी के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे किसान लॉक-डाउन के बाद किसी भी तरह कर्ज़ लेकर धान व अन्य फसलों को तैयार कर रहे थे। ऐसे में देश के विभिन्न क्षेत्रों में आई बाढ़ के कारण किसानों की सारी फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र जिला श्रावस्ती व जिला बलरामपुर जो लगभग 150 कि.मी. राप्ती नदी के किनारे बसा है, यहाँ लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ से किसानों की सारी फसलें बर्बाद हो गयी हैं, जनजीवन बदहाल हो गया है।

मैं सरकार से माँग करता हूँ कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए किसानों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए ग्राम स्तर पर सर्वे कराकर विशेष किसानों की ऋण माफी आर्थिक सहायता या राहत पैकेज दिया जाए, जिससे देश की रीढ़ की हड्डी (किसान) को बचाकर देश की अर्थव्यवस्था को बचाया जा सके।